# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
**फोन नम्बर :** 011–23005700; **फैक्स :** 011–23005787

**दिनांक :** 02 फरवरी, 2013

## प्रेस विज्ञप्ति

भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह को आज भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ इंडियन फार्मर्स ऑर्गेनाइजेंशस (FIFO) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 7 राज्यों के 12 किसान संगठनों ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आये किसान प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री राजनाथ सिंह ने किसान संगठनों को भरोसा दिलाया कि वर्तमान यूपीए सरकार द्वारा एफडीआई सहित किसानों के हितों के विरूद्ध जितनी भी नीतियां बनाई गई हैं भाजपा आने वाले समय में, जब केन्द्र में एनडीए की सरकार बनेगी, इन सभी नीतियों की पुनर्समीक्षा कर नई कृषि नीति की घोषणा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में किसानों की हालत बहुत खसता है। किसान गम्भीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की बुनियादी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनकी सभी मांगों को भारतीय जनता पार्टी अपने 2014 के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करेगी।

इसके पूर्व सभी किसान संगठन, जिसमें भारतीय किसान यूनियन; भारतीय कृषक समाज; राष्ट्रीय किसान संघ; कृषक मंच, उत्तराखंड; किसान क्लब, हरियाणा; राष्ट्रीय जैविक किसान संगठन, छत्तीसगढ़; देहाती मोर्चा, उत्तर प्रदेश; किसान संगठन, राजस्थान; आदि के प्रतिनिधियों ने मांग की कि श्री राजनाथ सिंह देश के किसानों का नेतृत्व करें। किसान प्रतिनिधियों ने यह भी अपेक्षा की कि 2014 के चुनाव में किसान एजेंडे को प्रमुखता प्रदान करते हुए भाजपा चुनाव में उतरे। इस अवसर पर किसान संगठनों ने मार्च में राष्ट्रीय किसान कन्वेंशन, नई दिल्ली में आयोजित करने की घोषणा की, जिससे देश के किसान एजेंडे को नई दिशा मिल सके।

देशभर से आये किसान प्रतिनिधियों ने एफडीआई के मुद्दे पर यूपीए सरकार के प्रति रोष प्रकट किया तथा आरोप लगाया कि यूपीए सरकार देश के किसानों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि तमाम अध्ययनों से पता चलता है कि विश्व में जहां–जहां रिटेल में एफडीआई आई है, वहां किसान बर्बाद हुए हैं। कांग्रेसनीत यूपीए सरकार भारत में भी रिटेल क्षेत्र में एफडीआई को लागू कर किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

इस अवसर पर देहात मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री केसरी सिंह गुर्जर; राष्ट्रीय किसान संघ के अध्यक्ष, श्री पुनीत सिंह; जैविक किसान संघ (चैम्प) के अध्यक्ष, श्री राजा राम त्रिपाठी; भारतीय किसान यूनियन के नेता, श्री कर्मवीर सिंह; कृषक मंच के अध्यक्ष, अरूण भाकू; हरियाणा किसान क्लब के अध्यक्ष, बिजेन्द्र दलाल; श्री गुरूनाम सिंह भारतीय किसान संघ पंजाब इत्यादि ने श्री राजनाथ सिंह को पगड़ी बांध कर सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

**(ओ.पी. कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*